नववर्ष की शुभकामनाएं

खंड १८ नंबर १ जनवरी २०२२

आरआईएस डायरी

–अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए नीतिगत अनुसंधान

डब्लयूटीडीआर

विश्व व्यापार और विकास रिपोर्ट 2021 का लोकार्पण

25 नवंबर, 2021 को नई दिल्ली में विश्व व्यापार और विकास रिपोर्ट का लोकार्पण

आरआईएस ने विश्व व्यापार संगठन (डबलूटीओ) के 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के सन्मुखः मुद्दे विश्व व्यापार और विकास रिपोर्ट के विमोचन पर 25 नवंबर 2021 को एक कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी के स्वागत भाषण से हुआ। आरआईएस के अध्यक्ष, डॉ मोहन कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्री श्यामल मिश्रा, संयुक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य भाषण दिया।

आरआईएस के प्रोफेसर एस के मोहंती, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ प्रियदर्शी दाश और सहायक प्रोफेसर, डॉ पंखुरी गौर ने डब्लयूटीडीआर के प्रमुख निष्कर्षों पर प्रस्तुति की। उसके बाद परिचर्चा में, श्री जयंत दासगुप्ता, विश्व व्यापार संगठन के पूर्व राजदूत; श्री अश्विनी महाजन, राष्ट्रीय संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच; प्रोफेसर अभिजीत दास, प्रमुख, विश्व व्यापार संगठन अध्ययन केंद्र, आईआईएफटी; और डॉ. निशा तनेजा, प्रोफेसर, आईसीआरआईईआर ने अपने विचार साझा किए। डॉ सब्यसाची साहा, एसोसिएट प्रोफेसर, आरआईएस ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ■

श्रीमती मीनाक्षी लेखी, माननीया विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री, भारत

माननीया विदेश राज्य मंत्री ने आरआईएस के कार्यक्रम की सराहना की और गहन नीतिगत जुड़ाव का आह्वान किया

भारत की माननीया विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने आरआईएस के कार्यक्रम के संदर्भ में संकाय के सदस्यों के साथ एक संवाद सत्र के लिए 30 दिसंबर, 2021 को आरआईएस में पधारी। गहन संवाद सत्र के दौरान, आरआईएस के महानिदेशक, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने माननीया मंत्री को संस्थान के इतिहास और संगठनात्मक संरचना, महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों, अनुसंधान

...शेष पृष्ठ 28 पर

एमसी–12 के स्थगन से अधिक काम की गुंजाइश बढ़ी

विश्व व्यापार और विकास रिपोर्ट (डब्लयू) 2021 के उद्भघाटन के बाद 27 नवंबर, 2021 को आरआईएस द्वारा आयोजित एक वेबिनार में प्रमुख वक्ता।

आर आई एस द्वारा प्रकाशित विश्व व्यापार और विकास रिपोर्ट 2021 के उद्घाटन के बाद 27 नवंबर, 2021 को आरआईएस ने एक वेबिनार का आयोजन किया।

ओमीक्रोन के प्रसार के कारण, वेबिनार शुरू होने से पहले ही एमसी–12 को स्थगित करने की घोषणा की खबर आ चुकी थी। लेकिन वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के स्थगन का उपयोग भारत को दक्षिण के साथ जुड़ने के लिए करना चाहिए। वैश्विक दक्षिण के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, विकासशील देशों को विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी–12) के स्थगन के प्रभाव का विश्लेषण करना चाहिए और इसके फिर से आयोजित होने तक के समय का अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने और अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए उपयोग करना चाहिए। एमसी–12 (30 नवंबर – 3 दिसंबर, 2021 के लिए निर्धारित) को स्थगित करने का निर्णय विश्व व्यापार संगठन सामान्य परिषद द्वारा कोविड–19 वायरस के एक विशेष रूप से संक्रमणीय स्ट्रेन के प्रकोप के बाद लिया गया था।

वेबिनार में बोलते हुए, प्रोफेसर कार्लोस कोरिया, कार्यकारी निदेशक, दक्षिण केंद्र, जिनेवा, ने कहा कि दक्षिण केंद्र और आरआईएस जैसे विकासशील देशों के विचार मंडलों को सभी प्रस्तावों का विश्लेषण करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एमसी12 के स्थगन से मत्स्य पालन सब्सिडी, कृषि, ट्रिप्स छूट और विशेष तथा विभेदी व्यवहार सहित विभिन्न मुद्दों पर विकासशील देश की स्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

प्रौद्योगिकी और व्यापार एक–दूसरे को कैसे प्रभावित कर रहे हैं, इस बात को डब्लूटीडीआर द्वारा कितना महत्व दिया जा रहा है का उल्लेख करते हुए प्रो कौरिया ने कहा कि इस मुद्दे को, जो हालांकि बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन डब्ल्यूटीओ में इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है, विशेष रूप से कोविड पश्चात के परिदृश्य में जिस प्रकार डिजिटलीकरण में तेजी देखी गई, ।

आरआईएस के अध्यक्ष, डॉ मोहन कुमार ने कहा कि विकासशील देशों को एमसी–12 के स्थगित होने के कारण सामने आए अवसरों और चुनौतियों को देखते हुए एक साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'किसी भी कीमत पर एमसी–12 की सफलता' सुनिश्चित करने का मतलब यह नहीं होना चाहिए कि 'सफलता' पर केवल विकसित दुनिया का कब्जा हो जाए और विकासशील देश मात्र इसकी कीमत चुकाने के लिए रह जाएं।

विश्व व्यापार संगठन में भारत के पूर्व राजदूत श्री जयंत दासगुप्ता ने कहा कि एमसी–12 को स्थगित करने से विकासशील देशों को ऐसे प्रस्तावों के विरुद्ध, जो उनके हितों के खिलाफ हैं, मजबूती से अपनी बात रखने के लिए तैयार होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों को सतत्ता और जातीयता जैसे मुद्दों पर सफाई देनी होगी जिनके माध्यम से वे परोक्ष रूप से विकासशील देशों के बाजार में पहुंच हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

डॉ नागेश कुमार, निदेशक, औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान, ने भारत और दक्षिण अफ्रीका द्वारा ट्रिप्स छूट पर प्रस्ताव के महत्व का उल्लेख किया और कहा कि विश्व व्यापार संगठन को यह प्रदर्शित करना चाहिए कि विकासशील देशों में अरबों गरीब लोगों के जीवन की सुरक्षा कोविड वैक्सीन, डायग्नोस्टिक किट और दवाइयाँ विकसित करने वाली कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों की निचली पंक्ति की सुरक्षा की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए निवेश सुविधा पर चर्चा से निवेशकों, अपने देश और मेजबान देश के अधिकारों और जिम्मेदारियों में संतुलन सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसे प्रमुख विकासशील देशों को निवेश सुविधा सहित बहुपक्षीय देशों का हिस्सा होना चाहिए ताकि वे यह सुनिश्चित कर सकें कि उनका परिणाम विकासशील देशों के हितों के खिलाफ नहीं है।

आरआईएस के महानिदेशक, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, ने कहा कि विकासशील देशों के गठबंधनों को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना और भी महत्वपूर्ण है

...शेष पृष्ठ 9 पर

जी 20

टी–20 में विकासशील देशों से अधिक प्रतिनिधित्व होना चाहिए

दुनिया भर के शोधकर्ताओं के अनुसार, थिंक20 में, जो 20 प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं वाले जी20 समूह से जुड़े महत्वपूर्ण जुड़ाव समूहों में से एक है, विकासशील देशों के विचार मंडलों से अधिक प्रतिनिधित्व होना चाहिए, और उसे वैश्विक शासन से सम्बन्धित मुद्दों पर अपनी नीतिगत सिफारिशें समय पर प्रस्तुत करनी चाहिए, ताकि जी20 के नेता उनका विश्लेषण कर सकें और उन्हें अपनी अंतिम घोषणा में शामिल कर सकें। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रमुख विकासशील देश इंडोनेशिया, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः 2022, 2023, 2024 और 2025 में जी20 की अध्यक्षता करने वाले हैं। अपेक्षा की जा जाती है कि विकास का एजेंडा जी20 और इसके जुड़ाव समूहों – बिजनेस 20, थिंक 20, वूमेन 20, यूथ 20, लेबर 20, अर्बन 20, सिविल 20 और साइंस 20 – द्वारा होने वाली चर्चाओं में सबसे पहले और केंद्र में रहेगा। प्रक्रियाओं को और अधिक समावेशी बनाने के लिए अब विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अधिक प्रतिनिधित्व और उनके द्वारा आवाज उठाए जाने की मांग की जा रही है।



24 नवंबर, 2021 को आरआईएस द्वारा आयोजित 'आगामी जी20 की विकासशील देशों द्वारा अध्यक्षताके लिए टी20 सुधार' पर एक हुए वबीनार के सत्र में बोलते हुए, टी20 इंडोनेशिया के प्रमुख सह–अध्यक्ष और इंडोनेशिया के पूर्व वित्त मंत्री प्रोफेसर बंबांग ब्रोडजोनगोरो ने कहा कि इंडोनेशिया सभी महाद्वीपों और सभी आय समूहों के देशों से आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कराधान, अवसंरचना वित्तपोषण, एसडीजी, डिजिटलीकरण और बहुपक्षवाद के पुनरुद्धार जैसे मुद्दों का विकासशील और विकसित देशों के लिए बहुत महत्व है। इसलिए इन मुद्दों को जी20 सदस्यों द्वारा उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए टी20 प्रक्रिया में निरंतरता प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया की जी20 अध्यक्षता के दौरान गरीबी और आय असमानता के साथ–साथ सतत विकास एजेंडा के सतत वित्तपोषण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

टी20 इंडोनेशिया के प्रमुख सह–अध्यक्ष, प्रो जिस्मान सिमंदजुंतक, ने कहा कि नवीन नीतिगत विचार प्राप्त करने की दृष्टि से इंडोनेशिया अफ्रीकी विचार–मंडलों से संपर्क करेगा और अन्य शोधकर्ताओं के नीतिगत संक्षिप्त विवरण पर भी विचार करेगा, जिन्हें अब तक टी20 प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला है। दक्षिण अफ्रीकी अंतर्राष्ट्रीय मामलों का संस्थान, दक्षिण अफ्रीका की मुख्य कार्यकारी सुश्री एलिजाबेथ सिदिरोपोलोस ने 'टी20 अफ्रीका स्टैंडिंग ग्रुप' को एक महत्वपूर्ण वार्ताकार और अब से टी20 प्रक्रिया का हिस्सा बताया। सुश्री अनीता प्रकाश, वरिष्ठ नीति सलाहकार (अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध), इरिया, जकार्ता ने प्रतिभागियों को इरिया, आरआईएस और इंडोनेशिया के 'एलवामफब आईयू' द्वारा नए शुरू किए गए जी20 शोध मंच के बारे में जानकारी दी, ताकि वैश्विक शासन के मुद्दों पर विभिन्न थिंक–टैंक और शोधकर्ताओं के विचारों का मिलान किया जा सके। जर्मनी विकास संस्थान, जर्मनी के उप निदेशक, डॉ इममे स्कोल्ज़, ने टी –20 जर्मनी के आयोजन के तरीकों का उल्लेख किया जिसमें इंडोनेशिया और भारत के लिए कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जर्मनी 2022 में जी7 की अध्यक्षता करने जा रहा है और विभिन्न मुद्दों पर इंडोनेशिया (2022 के लिए जी20 प्रेसीडेंसी) के साथ घनिष्ठ सहयोग के लिए एक तंत्र विकसित किए जाने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जी7–जी20 और उनसे जुड़े जुड़ाव समूहों का समन्वय तंत्र सभी जी20 आयोजनों पर लागू किया जाना चाहिए।

सत्र में अन्य प्रमुख वक्ता थेः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस; प्रोफेसर नाओयुकी योशिनो, प्रोफेसर अवकाशप्राप्त (अर्थशास्त्र), कीओ विश्वविद्यालय, जापान; सुश्री गाला डियाज़ लेंगौ, कार्यकारी निदेशक, सीआईपीपीईसी, अर्जेंटीना; डॉ एंटोनियो विलाफ्रांका, अनुसंधान निदेशक, इटालियन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल पॉलिटिकल स्टडीज, इटली; डॉ रियातु मरियातुल किबथियाह, निदेशक, एलपीईएम, इंडोनेशिया विश्वविद्यालय; डॉ योस रिज़ल दामुरी, प्रमुख, अर्थशास्त्र विभाग, सामरिक और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन केंद्र, जकार्ता; डॉ निकोलस बुकौड, ग्रैंड एलायंस, पेरिस; डॉ प्रियदर्शी दाश, एसोसिएट प्रोफेसर, आरआईएस और श्री ऑगस्टीन पीटर, विजिटिंग फेलो, आरआईएस। ■

बहुपक्षीय संस्थाओं का सुधार

राजदूत संजय भट्टाचार्य, सचिव (सीपीवी और ओआईए), विदेश मंत्रालय और भारत के ब्रिक्स शेरपा 26 नवंबर, 2021 को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से आरआईएस द्वारा आयोजित 'ब्रिक्स आभासी आर्थिक सम्मेलन 2021' में भाग लिया।

ब्रिक्स को बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार के प्रयासों को मजबूत करने की जरूरत

राजदूत संजय भट्टाचार्य, सचिव (सीपीवी और ओआईए), विदेश मंत्रालय और भारत के ब्रिक्स शेरपा के अनुसार, ब्रिक्स देश को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) के साथ–साथ, आतंकवाद का मुकाबला, हरित और डिजिटल परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अलावा संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित बहुपक्षीय संस्थानों को मजबूत करने और सुधारने के अपने प्रयास जारी रखने होंगे।

26 नवंबर, 2021 को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से आरआईएस द्वारा आयोजित 'ब्रिक्स आभासी आर्थिक सम्मेलन 2021' में बोलते हुए, राजदूत भट्टाचार्य ने कहा कि ब्रिक्स जुड़ाव के तीन स्तंभ हैं; ब्रिक्स के भीतर और बहुपक्षीय स्तर पर संरचनाओं का 'सुधार'; ब्रिक्स देशों ने अब तक जो काम किया है, उसका 'समेकन'; और एसटीआई के माध्यम से भविष्य अभिविन्यास और साथ ही साथ, पहुंच, साम्य और समावेशन के सिद्धांत के आधार पर 'हरित और डिजिटल' परिवर्तन सुनिश्चित करना। उन्होंने यह भी जोर दिया कि 'पांच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाएं आतंकवाद के विरोध, 'हरित और डिजिटल' परिवर्तन, और एसटीआई पर भी सहयोग बढ़ाएंगी।'

उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि 'शांति और स्थिरता विकास का आधार बनती है। संयुक्त राष्ट्र और आईएमएफ सहित बहुपक्षीय संस्थानों के सुधारों की मांग के पीछे कारण यह है कि मौजूदा प्रणाली वर्तमान समय की चुनौतियों से निपटने में असमर्थ है, विशेष रूप से विकासशील दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों के संदर्भ में। चूंकि ब्रिक्स देश दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में से हैं, इसलिए इन पांच देशों द्वारा उठाए गए कदम दुनिया के बाकी हिस्सों और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के अनुसरण के लिए एक खाका तैयार कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार, डॉ कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम, ने वैश्विक संकट से उबरने और आर्थिक सुधार सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने आपूर्ति पक्ष के संघर्षों से प्रभावी ढंग से निपटते हुए सुधारों के माध्यम से अर्थव्यवस्था बहाली के लिए आपूर्ति पक्ष के झटकों का अध्ययन किया और उनका निवारण किया। इस प्रक्रिया में, भारत ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में लचीला और संधारणीय सामाजिक अवसंरचना सहित उत्पादक परिसंपत्ति बनाने के लिए पूंजीगत व्यय पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि

...शेष पृष्ठ 17 पर

एसटीआईपी

38वां विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति मंच व्याख्यान

38वां विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति मंच व्याख्यान, प्रोफेसर दीपांकर बनर्जी, निदेशक, आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज, नैनीताल, उत्तराखंड ने 29 अक्टूबर, 2021 को ऑनलाइन माध्यम से दिया। विषय था 'भारत में जमीन और अंतरिक्ष आधारित मंचों से सौर भौतिकी का विकास'। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर अर्नब राय चौधरी, भौतिकी विभाग, आईआईएससी, बेंगलुरु ने की। विज्ञान प्रसार के निदेशक डॉ नकुल पाराशर ने स्वागत भाषण दिया।

अपने दूरदर्शितापूर्ण संबोधन में प्रोफेसर दीपांकर बनर्जी ने भारत में सौर भौतिकी की स्थिति और संभावना का एक सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने देश भर में विभिन्न स्थानों पर मौजूद सौर सुविधाओं का विस्तृत विवरण देकर अपने व्याख्यान की शुरुआत की और विषय की तकनीकी बारीकियों को समझाया। उन्होंने बहु–अनुप्रयोग सौर दूरबीन, यानी मल्टी एप्लीकेशन सोलर टेलीस्कोप, जैसे परिष्कृत उपकरणों के बारे में बात की, जो सूर्य, सनस्पॉट, सोलर फ्लेयर्स आदि में अलग–अलग टाइमस्केल की परिवर्तनशीलता का अध्ययन करने के लिए आवश्यक है। प्रो बैनर्जी ने प्रस्तावित राष्ट्रीय विशाल सौर दूरबीन के बारे में भी विस्तार से बताया जो कि 2एम क्लास ऑप्टिकल और देश में नियर इंफ्रा–रेड ऑब्जर्वेशनल फैसिलिटी होगा। इसे 0.1–0.3 आर्क–सेकंड के स्थानिक विभेदन पर सौर चुंबकीय क्षेत्रों की उत्पत्ति और गतिशीलता से संबंधित प्रमुख वैज्ञानिक मुद्दों की एक सारणी को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अंतरिक्ष–आधारित मिशन और जमीन–आधारित एमएएसटी टेलीस्कोप (उदयपुर) से बड़ी संख्या में सौर वायुमंडलीय पर्यवेक्षणों की सम्भाल और पुष्टि करने के लिए उपकरण में व्यापक प्रबन्ध है।

प्रो बैनर्जी ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए शीघ्र ही शुरू होने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष–आधारित मिशन, आदित्य एल1, के बारे में भी बताया। यह इसरो के नेतृत्व वाला एक बहु–संस्थागत मिशन है और 2022 के मध्य में किसी भी समय इसके लॉन्च होने की उम्मीद है। उपग्रह के सात पेलोड (उपकरण) सौर कोरोना, सौर उत्सर्जन, सौर पवनों और फ्लेयर्स, कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) का अध्ययन करेंगे, साथ ही यह सूर्य की छवियों को भी कैप्चर करेंगे। यह परियोजना सूर्य की गतिकीय प्रक्रियाओं पर व्यापक समझ को सक्षम करेगी और सौर भौतिकी में कुछ बड़ी समस्याओं का समाधान करेगी।

अंत में, प्रो बैनर्जी ने भारत में अगली पीढ़ी के सौर वैज्ञानिकों और भौतिकविदों को प्रशिक्षित करने में अपनी संस्था एआरआईईएस की भूमिका के बारे में बात की। आदित्य–एल1 सहायता कोष्ठिका आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज में स्थापित किया गया है, जो मुख्य रूप से अपेक्षित प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करेगा। इस संबंध में इस साल की शुरुआत में संस्थान और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। सपोर्ट सेल भारत में कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए सूर्य से संबंधित संसाधित वैज्ञानिक डेटा के एक नमूने तक मुफ्त पहुंच प्राप्त करने के लिए वन–स्टॉप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म होगा। सभी डेटा को इसरो के भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान डेटा केंद्र में होस्ट किया जाएगा, और एआरआईईएस सेल एक जनशक्ति प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। ■

दक्षिण–दक्षिण सहयोग के नए मोर्चे

दक्षिणीय सहयोग को प्रोत्साहन

आरआईएस और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर समारोह।

आरआईएस ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, ताकि विकासशील देशों और उसके बाहर अपने विशेष विंग, ग्लोबल डेवलपमेंट सेंटर (जीडीसी) के माध्यम से विचारों, नवाचारों और समाधानों को सांझा कर उन्हें आगे बढ़ा सके। जीडीसीआरआईएस और बीएमजीएफ अन्य प्रमुख विकास मुद्दों के साथ–साथ पोषण, स्वास्थ्य प्रणाली, महामारी की तैयारी, कृषि, डिजिटल वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में दक्षिणीय सहयोग के लिए साझेदारी को मजबूत करने और नई साझेदारियाँ बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे।

यह साझेदारी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर प्रगति के लिए एक जीवंत, रचनात्मक और निरंतर जुड़ाव बनाने की दिशा में वैश्विक दक्षिण के बीच विकास नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करेगी। इस जुड़ाव में विकास समाधानों में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने और उनके दस्तावेजीकरण के लिए समस्तरीय और ऊर्ध्व एकीकृत साझेदारी और राष्ट्रीय तथा राज्य सरकारों, निजी क्षेत्र, विचार मंडलों, नागरिक समाज और शिक्षाविदों सहित हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच बनाना शामिल होगा। इसका उद्देश्य ज्ञान आदान–प्रदान कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण और कार्यान्वयन सहायता प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए विचारों की साझेदारी को सुगम बनाना है। यह जुड़ाव दक्षिणीय सहयोग के व्यापक लक्ष्यों को मजबूत करने की दिशा में स्थानीय और विश्व स्तर पर सर्वोत्तम प्रथाओं को क्यूरेट करने में व्यापक समग्र समर्थन प्रदान करके भारत और वैश्विक दक्षिण में विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में विभिन्न हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच को सक्षम करेगा।

आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि वैश्विक विकास केंद्र का हमारा आरंभिक विचार माननीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए कई प्रमुख कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है, जिन्होंने हमारी

...शेष पृष्ठ 16 पर

डॉ राजकुमार रंजन सिंह, माननीय विदेश राज्य मंत्री

"इस अवसर पर बोलते हुए माननीय मंत्री ने कहा, "भारत को संकट के समय में क्षेत्र में सर्वप्रथम क्रियाशील होने वाला देश, एक जलवायु की दिशा में पहलकदमी करने में अग्रणी, विश्व के औषधालय, प्रतिभा के भंडार और एक विश्वसनीय विकास भागीदार के रूप में देखा जाता है। मुझे यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि आरआईएस ने दक्षिणीय सहयोग के ढांचे के भीतर माननीय प्रधान मंत्री के विचारों को अन्य विकासशील देशों तक ले जाने के लिए अपने परिसर में एक विशेष केंद्र, ग्लोबल डेवलपमेंट सेंटर, (जीडीसी) की स्थापना की है। आरआईएस और बीएमजीएफ के बीच यह साझेदारी वैश्विक वस्तुओं को बढ़ावा देने की भारत की नीति के हिस्से के रूप में इच्छुक भागीदार देशों और संस्थानों के बीच ज्ञान के संस्थागत हस्तांतरण, ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए नीति अनुसंधान और आउटरीच को बढ़ावा देने, क्षमता निर्माण और कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। मैं एक बेहतर दुनिया के लिए इस रचनात्मक पहल के लिए आरआईएस में जीडीसी टीम और बीएमजीएफ के हमारे दोस्तों को बधाई देना चाहता हूं।"

दक्षिण–दक्षिण सहयोग के नए मोर्चे

वैश्विक दक्षिण के लिए 'डिजिटल पब्लिक गुड्स'

जीडीसी की परियोजना को 'वैश्विक दक्षिण के लिए डिजिटल पब्लिक गुड्स बनाना' को दक्षिणीय सहयोग के तहत वैश्विक दक्षिण के समाधान के हिस्से के रूप में चुना गया है। इस परियोजना ने (कोविन) की अग्रणी उपलब्धियों को एशिया और अफ्रीका में उपयुक्त रूप से अपनाए जाने के लिए सर्वोत्तम प्रथा के रूप में व्यवस्थित किया।

इस वर्ष, जीडीसी ने वैश्विक स्तर पर कोविड–19 महामारी के अंतहीन प्रभाव के मद्देनजर पेरिस में 11–13 नवंबर के बीच पेरिस शांति मंच में भाग लिया। सम्मेलन में कई राष्ट्राध्यक्षों और सरकारों, विशेष रूप से फ्रांस के राष्ट्रपति आदरणीय इमैनुएल मैक्रों, नाइजीरिया के राष्ट्रपति आदरणीय मुहम्मदु बुहारी, बांग्लादेश की प्रधान मंत्री आदरणीय शेख हसीना, संयुक्त राज्य अमेरिका की उपराष्ट्रपति आदरणीय कमला हैरिस सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। अन्य उल्लेखनीय प्रतिभागियों में सरकारी और गैर–सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठनों, परोपकारी संगठनों और विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों के प्रमुख शामिल थे।

जीडीसी के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंच में भाग लिया: डॉ मोहन कुमार, अध्यक्ष, आरआईएस; श्री रोहित देव झा, उप निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, को–विन डिजिटल टीकाकरण मंच के तकनीकी विशेषज्ञ; और सुश्री रितुपर्णा बनर्जी, जीडीसी प्रबंधक; और श्री ओमगेरे जॉन पैट्रिक, जीडीसी रिसोर्स पर्सन, युगांडा प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

कोविड–19 द्वारा उत्पन्न भारी चुनौतियों के बावजूद अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए, जीडीसी ने पेरिस पीस फोरम समिट 2021 में इस स्तर के एक प्रमुख वैश्विक मंच में शामिल होकर आउटरीच के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय और बहु–हितधारक सहयोग को बढ़ावा दिया। ■

एसआईडीएस और जलवायु परिवर्तन पर भविष्य की रणनीतियां और दक्षिणीय सहयोग की प्रथाएं पर चर्चा

1 नवंबर, 2021 को एसआईडीएस और जलवायु परिवर्तन पर भविष्य की रणनीतियां: दक्षिणीय सहयोग प्रथाओं पर एक आभासी पैनल चर्चा आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन भेद्यता और एसआईडीसी के अस्तित्व को होने वाले खतरों से निपटने में दक्षिणीय सहयोग प्रथाओं और अनुभवों के संभावित उपयोग का विश्लेषण करना था। दक्षिण प्रशांत विश्वविद्यालय, फिजी द्वीप समूह के डॉ एबरहार्ड एच वेबर और राजदूत विनोद कुमार ने चर्चा में भाग लिया और इस विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे जलवायु परिवर्तन एसआईडीएस के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रहा है और इन देशों के पास प्रभावी ढंग से चुनौतियों का सामना करने और उनसे निपटने के लिए संसाधन नहीं हैं। यह माना गया कि एसआईडीएस

में जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन और शमन की सुविधा के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है। परिचर्चा में व्यक्त विचारों को शोध पत्रों में विकसित किया जाएगा, जिसे जलवायु परिवर्तन और एसआईडीएस पर विकास सहयोग समीक्षा प्रकाशन के विशेष अंक में प्रकाशित किया जाएगा। परिचर्चा का संचालन आरआईएस के विजिटिंग फेलो प्रोफेसर मिलिंदो चक्रवर्ती ने किया। ■

महामारी और दक्षिणीय सहयोग के नए आयाम

भारतीय विकास सहयोग मंच, आरआईएस ने 18 अक्टूबर 2021 को 'महामारी और दक्षिणीय सहयोग के नए आयाम' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। द ओस्लो एसडीजी इनिशिएटिव के निदेशक, प्रोफेसर डैन बानिक ने मुख्य व्याख्यान दिया। आरआईएस के महानिदेशक, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने प्रारंभिक टिप्पणी प्रस्तुत की। डॉ रुचिता बेरी, सीनियर रिसर्च एसोसिएट, समन्वयक, अफ्रीका, लातिन अमेरिका और कैरेबियन और यूएन, रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान, ने विशेष टिप्पणी की। परिचर्चा का संचालन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर, प्रोफेसर अनुराधा चेनॉय ने किया।

एजेंडा 2030 की स्थिति पर और कैसे कोविड–19 महामारी के कारण स्थिति और खराब हो गई, इस पर प्रकाश डालने के लिए चर्चा का आयोजन किया गया था। कोविड–19 महामारी ने कई आर्थिक और सामाजिक संकटों के संदर्भ में कई देशों के विकास की गति को उलट दिया है। प्रोफेसर बानिक ने विकास की राजनीति पर विचार सांझा किये और 2030 एजेंडा से परे समाधान के बारे में सोचने का आग्रह किया। एसडीजी को पूरा करने के लिए दक्षिणीय सहयोग और त्रिकोणीय सहयोग की भूमिका पर भी जोर दिया गया। ■

सीओपी 26

सीओपी 26 से पहले और उसके दौरान के मुद्दे और चुनौतियां पर भारतीय परिप्रेक्ष्य

जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभाव पर बढ़ती चिंताओं और आगामी सीओपी 26 के महत्व को स्वीकार करते हुए, विज्ञान भारती (विभा) और आरआईएस ने संयुक्त रूप से सीओपी 26 की तैयारियों और फिर सम्मेलन के दौरान मुद्दे और चुनौतियां – भारतीय परिप्रेक्ष्य विषय पर 24 अक्टूबर, 2021 को एक वेबिनार का आयोजन किया।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, में सलाहकार (जलवायु परिवर्तन) डॉ जे आर भट्ट को सीओपी 26 से पहले और उसके दौरान मुद्दों और चुनौतियों से संबंधित भारतीय दृष्टिकोण पर अपनी अंतर्दृष्टि देने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस; राजदूत भास्कर बालकृष्णन, साइंस राजनय फेलो, आरआईएस और भारत के पूर्व राजदूत; डॉ लक्ष्मण सिंह राठौर, पूर्व महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग और विश्व मौसम विज्ञान संगठन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि; और, श्री जयंत सहस्रबुद्धे, राष्ट्रीय आयोजन सचिव, विज्ञान भारती को विषय पर अपने विशेष विचार साझा किये।

अपनी प्रस्तुति में डॉ भट्ट ने जलवायु परिवर्तन के चेतावनी संकेतों, जलवायु सम्मेलनों की समयरेखा, शासन ढांचे और जलवायु परिवर्तन से जुड़े आख्यानों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत को उचित हिस्सेदारी का अधिकार है। भारत वैश्विक कार्बन बजट के अपने उचित हिस्से को पार नहीं करेगा, लेकिन दूसरों द्वारा अधिक खपत की क्षतिपूर्ति नहीं कर सकता है। विकसित देशों को शेष कार्बन बजट के अपने उचित हिस्से को ध्यान में रखते हुए शुद्ध शून्य के समय की घोषणा करनी चाहिए। उन्हें ऐतिहासिक कार्बन ऋण की भरपाई के लिए नकारात्मक उत्सर्जन के माध्यम से विकासशील देशों को कार्बन स्पेस प्रदान करना चाहिए। वर्तमान तापमान वृद्धि में भारत का योगदान बहुत कम है। हालांकि, भविष्य में जलवायु जोखिम का एक उच्च स्तर है। इसलिए, कृषि (पशुधन और मत्स्य पालन सहित), ग्रामीण आजीविका, वन और जैव विविधता, अनौपचारिक और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए समय चाहिए। भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है। डॉ भट्ट ने आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन के शुभारंभ जैसी कुछ पहलों पर चर्चा की। भारत उन क्षेत्रों में उद्योग अवस्थांतरण पर नेतृत्व समूह का स्वीडन के साथ मिलकर सह–नेतृत्व करता है, जिनमें परिवर्तन लाना इतना सरल नहीं है।

प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने जलवायु कार्रवाई में वित्त के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित देशों द्वारा प्रदान किया गया लगभग 71 प्रतिशत जलवायु वित्त ऋण के रूप में है, जो ज्यादातर बाजार दरों पर दिया गया है। ओइसीडी देशों के साथ विशाल अंतर को देखते हुए, दक्षिणीय सहयोग की अधिक आवश्यकता है। राजदूत भास्कर बालकृष्णन ने पूरी दुनिया के लिए शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की आवश्यकता पर जोर दिया। हालांकि, उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि विकसित देशों को विकासशील देशों से पहले लक्ष्य हासिल करना चाहिए, और नकारात्मक उत्सर्जन के लिए भी लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। विकासशील देशों के लिए, शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य लचीला होना चाहिए। भारत को किसी भी बाध्यकारी प्रतिबद्धता का अन्य देशों के साथ मिलकर विरोध करना चाहिए, हालांकि लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, बशर्ते कि प्रौद्योगिकी, वित्त और अन्य बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन उपाय मुहैया हों।

लक्ष्मण सिंह राठौर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक सामूहिक समस्या है, और इसके लिए वैश्विक और सामूहिक प्रयासों और कार्यों की आवश्यकता है। गैर सरकारी संगठनों की भूमिका और विविध हितधारकों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण होगा। अपने समापन भाषण में श्री जयंत सहस्रबुद्धे ने जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन अविनाश रायरिकर ने दिया। ■

द्विपीक्षीय व्यापार

प्रथम भारत–कोरिया 2+2 द्विपक्षीय वार्ता

आरआईएस, भारतीय विश्व मामलों की परिषद (आईसीडब्ल्यूए) और कोरियाई राष्ट्रीय राजनयिक अकादमी (केएनडीए) और कोरिया गणराज्य के अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक नीति संस्थान (केआईईपी) ने 27 अक्टूबर 2021 को उभरती क्षेत्रीय व्यवस्था में भारत–कोरिया संबंधों की पुनर्कल्पनाः 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी और न्यू सदर्न पॉलिसी' का तालमेल पर पहली भारत–कोरिया 2+2 द्विपक्षीय वार्ता का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन सत्र से हुई। राजदूत विजय ठाकुर सिंह, महानिदेशक, आईसीडब्लूए; प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस; डॉ. होंग ह्यूनिक, चांसलर, केएनडीए; डॉ. किम ह्युंगचोंग, अध्यक्ष, केआईईपी; राजदूत चांग जे–बोक, भारत में दक्षिण कोरियाई राजदूत; और कोरिया गणराज्य में भारतीय राजदूत, राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संवाद को संबोधित किया।

राजदूत नलिन सूरी, विशिष्ट फेलो, दिल्ली पॉलिसी ग्रुप ने बदलते वैश्विक और क्षेत्रीय संदर्भ में भारत–कोरिया संबंधः सामरिक दृष्टिकोण पर सत्र की अध्यक्षता की। वक्ताओं में डॉ चो वोंडुक, अनुसंधान प्रोफेसर (केएनडीए); और डॉ जगन्नाथ पांडा, रिसर्च फेलो, मनोहर परिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, नई दिल्ली (एमपी–आईडीएसए) शामिल थे। डॉ जोजिन वी जॉन, रिसर्च फेलो, आईसीडब्ल्यूए; और डॉ पाइक वूयल, एसोसिएट प्रोफेसर, योन्सी विश्वविद्यालय ने परिचर्चा में भाग लिया।

कोविड–19 के बाद की अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में भारत–कोरिया आर्थिक साझेदारी को पुनर्संदर्भित करने वाले सत्र की अध्यक्षता सेंटर फॉर एरिया स्टडीज, केआईईपी, के उपाध्यक्ष डॉ चो चोंगजे ने की। प्रोफेसर एस. के. मोहंती, आरआईएस; और डॉ. हान ह्योंगमिन, एसोसिएट रिसर्च फेलो, केआईईपी, प्रमुख वक्ता थे। चर्चा में भाग लेने वाले थेः डॉ ली सून–चुल, प्रोफेसर, बुसान यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज और डॉ प्रियदर्शी दाश, एसोसिएट प्रोफेसर, आरआईएस।

कोरिया गणराज्य के पूर्व भारतीय राजदूत स्कंद तायल ने आगे की राहः भारत–कोरिया द्विपक्षीय संबंध पर सत्र की अध्यक्षता की। वक्ता थेः डॉ किम चानवान, प्रोफेसर, हांकुक यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज और डॉ जितेंद्र उत्तम, सहायक प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

समापन सत्र में चर्चा में शामिल थेः डॉ किम ह्यूंगचोंग, अध्यक्ष, केआईईपी; डॉ. होंग ह्यूनिक, चांसलर, केएनडीए; प्रो. सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस; और राजदूत विजय ठाकुर सिंह, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए। ■

एमसी–12 के स्थगन से अधिक काम की गुंजाइश बढ़ी

...शेष पृष्ठ 2 से जारी

कि वैश्विक दक्षिण एमसी–12 के विभिन्न मुद्दों पर एक एकजुट इकाई के रूप में बना रहे, जिसमें संयुक्त वक्तव्य पहल भी शामिल है। यह सुनिश्चित भी हो सके कि राष्ट्रीय हित में निर्णय लेने में विकासशील देश के सरकार द्विपक्षीय संवाद नीति के अवसर से वंचित ना कर रहे। उन्होंने कहा कि व्यापार घरेलू उत्पादन और घरेलू विकास के लिए उत्प्रेरक होना चाहिए न कि केवल अधिक आयात के लिए। भारत को डब्लूटीओ मंत्रिस्तरीय के स्थगन का उपयोग दक्षिण के साथ जुड़ने के लिए करना चाहिए। आरआईएस के प्रो एस. के. मोहंती और डॉ पंखुरी गौर ने डब्लूटीडीआर का विवरण प्रस्तुत किया। और डॉ सब्यसाची साहा, आरआईएस ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। ■

द्विपक्षीय संवादों के साथ आगे बढ़ना

महामारी के बाद भारत–अफ्रीका संबंधों पर चर्चा

हाइब्रिड मोड में चल रही गोलमेज चर्चा।

ओस्लो विश्वविद्यालय, नॉर्वे के सहयोग से आरआईएस ने 9 दिसंबर, 2021 को महामारी के बाद की दुनिया में भारत–अफ्रीका संबंध पर हाइब्रिड मोड में चर्चा का आयोजन किया। उद्देश्य था भारत–अफ्रीका संबंधों के भविष्य का आकलन करना। स्वास्थ्य, आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, क्षमता निर्माण, पारंपरिक चिकित्सा, आदि के क्षेत्रों में समग्र विदेश नीति अभिविन्यास और क्षेत्रीय सहयोग पर केंद्रित यह चर्चा दो सत्रों में हुई।

अपने स्वागत भाषण में प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस ने भारत–अफ्रीका संबंधों के प्रमुख मील के पत्थर और साथ ही, उनकी विकास साझेदारी में हाल के रुझानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत आज विकास और अवसंरचना परियोजनाओं के समय पर कार्यान्वयन के लिए अधिक उत्सुक है। प्रगति की निगरानी की पहल प्रधानमंत्री मोदी ने की है। उन्होंने अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में विकास सहयोग की सुविधा के लिए भारत की विकास एजेंसी स्थापित करने का भी सुझाव दिया। नॉर्वे के ओस्लो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डैन बानिक ने कहा कि अफ्रीका के प्रति भारत की पिछली नीति से अब बड़ा परिवर्तन आया है। हाल के दिनों में अधिक ऊंचे दर्जे के दौरे हुए हैं। भारत और अफ्रीका के बीच रक्षा सहयोग भी विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय विदेश नीति का आदर्शवाद से अधिक व्यावहारिकता की ओर झुकाव बदलाव का एक प्रमुख पहलू है।

भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (ईआर) श्री दम्मू रवि ने अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि भारत के लिए अफ्रीका के साथ सहयोग हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। अफ्रीका के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित करते हुए श्री रवि ने कहा कि वर्तमान में नई दिल्ली स्वास्थ्य, नवीकरणीय और आईटी–वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ा रही है। भारत ने कोविड के टीकों के अलावा अफ्रीकी देशों को चिकित्सा सहायता भी प्रदान की है और भविष्य में भी सहायता के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन में अफ्रीका के साथ भारत के संबंधों को गहरा करने की भी गुंजाइश है। अफ्रीका में व्यापार की स्थिति उतनी ठीक नहीं है। आज अफ्रीका केवल कच्चे माल का निर्यात ही नहीं, विनिर्मित वस्तुओं का निर्माण करना चाहता है। इसलिए, भारत अफ्रीकी देशों के सहयोग से वहां विनिर्माण क्षेत्र स्थापित करना चाहेगा। श्री रवि ने कहा कि भारत अफ्रीका में फ्रांस और ब्रिटेन के साथ त्रिकोणीय सहयोग की संभावनाएं तलाश रहा है।

चर्चा में स्वास्थ्य और फिनटेक के क्षेत्रों में भारत–अफ्रीका सहयोग पर व्यापक रूप से विचार साझा किए गए। सहभागियों ने यह भी उल्लेख किया कि कृषि क्षेत्र भी भारत और अफ्रीका के बीच सहयोग के अवसर प्रदान करता है।

यह भी सुझाव दिया गया कि भारत को अफ्रीका में यूरोपीय देशों के साथ, उनके औपनिवेशिक शासन के कारण, सहयोग विकसित करने में सावधानी बरतनी चाहिए। चर्चा में यह भी कहा गया कि अफ्रीका में बहुत विविधता है, इसलिए भारत को अपनी अफ्रीका नीति को गैर–महाद्वीपीय बनानी चाहिए। ■

द्विपक्षीय वार्ता के साथ आगे बढ़ना

को–विन पर भारत–केन्या द्विपक्षीय सत्र

जीडीसी ने भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से भारत के डिजिटल टीकाकरण प्लेटफॉर्म कोविन पर केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रतिभागियों के सामने, केन्याई सरकार द्वारा इसकी संभावित प्रतिकृति की संभावना का पता लगाने के लिए, एक प्रस्तुति दी।

इससे पहले, जीडीसी ने 19 मई, 2021 को 'कोविड से मुकाबला: वैक्सीन प्लेटफॉर्म और रोलआउट में विकासशील देशों के अनुभवों' पर एक वेबिनार का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में युगांडा, रवांडा, केन्या और नाइजीरिया के स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। उसके बाद भी, जीडीसी लगातार इन देशों के संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क करता रहा था, को–विन प्लेटफॉर्म को संभावित रूप से अपनाने या को–विन की तर्ज पर उनके मौजूदा टीकाकरण प्लेटफॉर्म को अपग्रेड करने के अवसरों का पता लगाने के लिए।

प्रस्तुति के आयोजन का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में भारत के पर्याप्त अनुभव, विशेषज्ञता और क्षमताओं के माध्यम से केन्या को संभावित उन्नयन और/या आवश्यकता–आधारित उपयुक्त समाधान प्रदान करने के लिए रास्ते खोलना था।

27 अक्टूबर, 2021 को आयोजित तकनीकी सत्र की केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और केन्या के संबंधित तकनीकी टीम के सदस्यों ने खूब सराहना की। केन्या के तकनीकी अधिकारियों में से एक ने अपने देश के डिजिटल टीकाकरण मंच को विकसित करने में कई प्रगति के बारे में बताया। ग्लोबल साउथ में विकास के अनुभवों को एक जगह संगृहित करने और बढ़ावा देने के जीडीसी के जनादेश के अनुरूप, स्वास्थ्य मंत्रालय, केन्या के प्रधान सचिव से उनके टीकाकरण मंच का विवरण साझा करने के लिए संपर्क किया गया था। ■

विकास सहयोग

2030 एजेंडा को प्राप्त करने के लिए विकास सहयोग की पालग्रेव पुस्तिका

'2030 एजेंडा हासिल करने के लिए विकास सहयोग की पालग्रेव पुस्तिका' के विमोचन के अवसर पर, 26 अक्टूबर, 2021 को नेस्ट, आरआईएस द्वारा एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें पुस्तिका के संपादक प्रोफेसर ली शियाओयुन, सीएयू; डॉ स्टीफ़न क्लिंगबील, डीआईई; प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, आरआईएस; जर्मनी के आर्थिक सहयोग और विकास के संघीय मंत्रालय के डॉ जर्गन कार्ल ज़ट्लर और रेडबौड विश्वविद्यालय के डॉ हेली स्वेडलंड शामिल थे। परिचर्चा का संचालन श्रीमान आर्टेम इज़मेस्टीव, यूएनओएसएससी, इस्तांबुल द्वारा किया गया था, जिसमें प्रोफेसर मिलिंदो चक्रवर्ती, विजिटिंग फेलो, आरआईएस द्वारा समापन टिप्पणी की गई थी।

पुस्तिका के संपादकों ने विकासशील देशों में अभ्यासियों के लिए पुस्तक के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। एजेंडा 2030 को सामूहिक रूप से हासिल करने के लिए विकास सहयोग को आगे बढ़ाने की जरूरत है। चर्चा करने वालों ने आपसी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में प्रतिस्पर्धा के महत्व और विकासशील देशों को एक–दूसरे से सीखने की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया। ■

'2030 एजेंडा हासिल करने के लिए विकास सहयोग की पालग्रेव पुस्तिका' के विमोचन पर प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस।

भारत–यूरोपीय संघ संपर्कः विकास और लोकतंत्र के लिए साझेदारी

भारत और भूटान में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के राजदूत, यूगो एस्टुटो के अनुसार, भारत–यूरोपीय संघ (ईयू) कनेक्टिविटी पार्टनरशिप यूरोपीय संघ की ग्लोबल गेटवे पहल का एक महत्वपूर्ण घटक होगा जिसका उद्देश्य दुनिया भर में वस्तुओं, सेवाओं, संस्थानों, बैंकों, व्यवसायों और लोगों को जोड़ने के लिए गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना में निवेश के माध्यम से 'निर्भरता नहीं, संपर्क' बनाना है।

28 अक्टूबर 2021 को, आरआईएस द्वारा 'भारत–यूरोपीय संघ संपर्कः विकास, मांग और लोकतंत्र के लिए साझेदारी' शीर्षक से एक रिपोर्ट का अनावरण करते हुए, राजदूत एस्टुटो ने यह भी कहा कि यूरोपीय निवेश बैंक और निजी क्षेत्र की ताकत का लाभ भारत–यूरोपीय संघ सम्पर्क–सम्बन्ध साझेदारी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण होगा।

आरआईएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री संदीप चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव (यूरोप पश्चिम), विदेश मंत्रालय, ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ ने सुनिश्चित किया है कि उनकी द्विपक्षीय सम्पर्क–सम्बन्ध साझेदारी 'उच्च मानक' की होगी, और लोगों से लोगों के संपर्क के साथ–साथ यह गतिशीलता पर भी केंद्रित है। उन्होंने कहा कि 'सुरक्षित और भरोसेमंद' आपूर्ति श्रृंखला बनाने के महत्व को देखते हुए द्विपक्षीय साझेदारी ने अन्य देशों और क्षेत्रों में समान विचारों को प्रेरित किया है। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि इस संदर्भ में व्यवहार्य परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए जल्द ही एक भारत–यूरोपीय संघ 'कनेक्टिविटी फोरम' शुरू करने की योजना है।

राजदूत (डॉ) मोहन कुमार, अध्यक्ष, आरआईएस, ने भारत यूरोपीय संघ कनेक्टिविटी साझेदारी के कार्यनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला और द्विपक्षीय संपर्क समझौते के सफल कार्यान्वयन के लिए भारत–यूरोपीय संघ व्यापार और निवेश समझौतों पर बातचीत में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। आरआईएस के महानिदेशक, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि आरआईएस रिपोर्ट में भारत–यूरोपीय संघ के व्यापार और निवेश, सम्पर्क–सम्बन्ध में सहयोग के क्षेत्रों का गहन विश्लेषण है। साथ ही, इसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) का लाभ उठाकर सतत विकास और हरित संक्रमण के लिए कनेक्टिविटी का उपयोग करने के तरीके भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में संस्थागत दृष्टिकोण से वित्तीय संपर्क, जहां वित्तीय संस्थानों, बैंकों और फिनटेक के प्रदाताओं के बीच संबंधों की विस्तार से जांच की गई है, के अतिरिक्त वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों पर रोशनी डाली गई है, जैसे कि हरित हाइड्रोजन, सौर और अन्य प्रकार की गैर–पारंपरिक ऊर्जा।

बाद की परिचर्चा के दौरान, नीदरलैंड में भारत की पूर्व राजदूत, सुश्री भास्वती मुखर्जी ने संधारणीयता सहित सम्पर्क–सम्बन्ध सिद्धांतों पर भारत और यूरोपीय संघ के बीच अभिसरण की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि साझेदारी समझौता वित्तीय और पर्यावरणीय संधारणीयता सहित उभरती चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम बनाएगा। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर यूरोपियन स्टडीज के अध्यक्ष, प्रोफेसर गुलशन सचदेवा ने कहा कि भारत–यूरोपीय संघ सम्पर्क–सम्बन्ध साझेदारी में तीसरी दुनिया के देशों में भी सम्पर्क–सम्बन्ध बढ़ाने के संबंध में बड़ी संभावनाएं और भू–राजनीतिक मूल्य हैं, और यह चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का विकल्प होगा।

सामाजिक और आर्थिक प्रगति केंद्र के फेलो डॉ कांस्टेंटिनो जेवियर ने कहा कि चूंकि द्विपक्षीय सम्पर्क–सम्बन्ध साझेदारी लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर आधारित है और पारदर्शिता और सुशासन के अलावा अंतर–संचालन पर जोर देती है, इसलिए यह क्षेत्रीय मानकों को निर्धारित करने में मदद कर सकती है और यहां तक कि एक वैश्विक संपर्क साझेदारी के गठन में भी मदद कर सकती है। भारत और यूरोपीय संघ का यह सुनिश्चित करने का निर्णय कि वे सरकारी स्तर पर नेतृत्व करेंगे और सुविधा प्रदान करेंगे, लेकिन एक भारी भूमिका नहीं निभाएंगे, एक और महत्वपूर्ण पहलू था।

प्रोफेसर एस के मोहंती, आरआईएस ने उल्लेख किया कि प्रौद्योगिकी गहन व्यापार भारत–यूरोपीय संघ व्यापार के मूल में है, जबकि उनके द्विपक्षीय सेवा व्यापार में पूरकताएं हैं। विकास वित्त के रुझानों के बारे में बोलते हुए, आरआईएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रियदर्शी दाश ने कहा कि अब ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) मानदंड पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच अधिक वित्तीय संपर्क की आवश्यकता है ताकि दोनों पक्षों को फिनटेक सहित अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद मिल सके। ■



राजदूत (डॉ) मोहन कुमार और राजदूत उगो एस्टुटो।

बिम्सटेक क्षेत्र के साथ मिलकर आगे रहना

बिम्सटेक क्षेत्र में सतत कृषि विकास और मूल्य संवर्धन में सहयोग की खोज

28 अक्टूबर, 2021 को, आरआईएस ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के सहयोग से 'बिम्सटेक क्षेत्र में सतत कृषि विकास और मूल्य संवर्धन में सहयोग की खोज' पर एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें सदस्य राज्यों के विशिष्ट वक्ताओं, अध्यक्षों और पैनलिस्टों ने भाग लिया।

वेबिनार की शुरुआत आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी के स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने सदस्य राज्यों के क्षमता निर्माण और सहयोगात्मक कार्य, क्षेत्र में विकास की सीमाओं का विस्तार, निवेश के अवसरों की पहचान, और कई अन्य मुद्दों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉ सुरेश बाबू, सीनियर रिसर्च फेलो और क्षमता सुदृढ़ीकरण के प्रमुख, एफपरी, वाशिंगटन ने इस क्षेत्र में गठबंधन की प्राथमिकता के महत्व की ओर इशारा करते हुए अपनी प्रारंभिक टिप्पणी दी। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि कैसे एक स्थायी खाद्य प्रणाली एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सत्रह एसडीजी में से नौ को प्रभावित करती है।.

उद्घाटन भाषण भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद में अर्थशास्त्र क्षेत्र के प्रोफेसर सतीश वाई देवधर ने दिया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, सम्पर्क–सम्बन्ध में प्रोत्साहन की आवश्यकता, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने, मौसम पूर्वानुमान, मूल्य श्रृंखला, ज्ञान साझा आदि के बारे में बात की और कृषि में एकतरफा उत्पादन की समस्या पर भी प्रकाश डाला।

उद्घाटन सत्र के बाद तीन सत्र थे। पहला तकनीकी सत्र 'बिम्सटेक में कृषि में व्यापार को बढ़ावा देना' विषय पर था। इसमें अध्यक्ष और विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन अत्यधिक संवेदनशील है, इसलिए, खाद्य सुरक्षा और मूल्य श्रृंखला में व्यवधान का जोखिम है। श्रम उत्पादकता बढ़ाने और गुणवत्ता से उत्पादन करने, निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा देने, खाद्य सुरक्षा नियमों, क्षेत्रीय व्यापार पर ध्यान केंद्रित करने आदि जैसे कई सुझाव भी दिए गए थे।

दूसरा तकनीकी सत्र 'बिम्सटेक में खाद्य प्रसंस्करण और क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखलाओं की संभावनाओं' पर था, जिसमें बाधाओं को दूर करने और उन पर काबू पाने, मूल्य श्रृंखला में किसानों की उच्च भागीदारी, कृषि स्तर पर पैकेजिंग में सुधार, विभिन्न प्रसंस्कृत खाद्य उपक्षेत्रों में उच्च क्षेत्रीय प्रदर्शन, मूल्य श्रृंखला उन्नयन, डेटा का कुशल उपयोग और बेहतर डेटा संग्रह, आदि का सुझाव दिया गया था। 'कृषि में खाद्य सुरक्षा और सुरक्षा के मुद्दे' पर हुए तीसरे सत्र में कृषि और पोषण के बीच गठजोड़ पर ध्यान देने, उपज में विविधता लाने, खाद्य हानि और अपशिष्ट को कम करने पर खर्च करने, निजी क्षेत्र की भागीदारी पर ध्यान देने

आदि पर फोकस करने की ओर इशारा किया गया।

डॉ सुरेश बाबू की अध्यक्षता में समापन सत्र का कार्यक्रम समाप्त हुआ। प्रमुख सिफारिशें डॉ प्रियदर्शी दाश, एसोसिएट प्रोफेसर, आरआईएस द्वारा प्रस्तुत की गईं। विदाई भाषण श्री हान थीन क्याव, प्रभारी निदेशक (कृषि सहयोग), बिम्सटेक सचिवालय, ढाका, बांग्लादेश द्वारा दिया गया। डॉ अमित कुमार, सहायक प्रोफेसर, आरआईएस, नई दिल्ली ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। ■

बिम्सटेक: विकास और प्रगति का एक साधन

25–26 अक्टूबर 2021 को 'बिम्सटेकरू ए व्हीकल फॉर ग्रोथ एंड डेवलपमेंट' (बिम्सटेकः विकास और प्रगति का एक साधन) पर एक रोचक संगोष्ठी हुई। इसे सामाजिक और सांस्कृतिक अध्ययन संस्थान (Institute of Social and Cultural Studies – ISCS), कोलकाता और RIS द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। उद्घाटन सत्र में, आरआईएस के महानिदेशक, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने क्षेत्र में परिवहन कनेक्टिविटी, डिजिटल कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी, पारंपरिक दवाओं के महत्व और कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के लिए क्षेत्रीय विकास बैंकों की क्षमता का दोहन करने के बारे में बात की। आईएससीएस, भारत (ISCS, India) के निदेशक श्री अरिंदम मुखर्जी ने आतंकवाद, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, व्यापार और समुद्री सहयोग पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

बिम्सटेक के महासचिव महामहिम राजदूत तेनजिन लेचफेल ने एक विशेष भाषण दिया, जिसमें उन्होंने बिम्सटेक क्षेत्र में कनेक्टिविटी के लिए मास्टर प्लान पर चर्चा की, और क्रॉस–कंट्री संगठित अपराध, समुद्री संपर्क, मादक पदार्थों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों और सुरक्षा को सहयोग के क्षेत्रों के रूप में की पहचान करने पर जोर दिया। उन्होंने भारत में बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र और बिम्सटेक चार्टर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

भारत के विदेश मंत्रालय के विदेश सचिव, महामहिम राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने उद्घाटन भाषण दिया और माल की सीमा पार आवाजाही, ऊर्जा, बिजली (पावर ग्रिड कनेक्टिविटी), व्यापार, तटीय सुरक्षा, समुद्री संपर्क, आतंकवाद का मुकाबला और पर्यटन में क्षेत्रीय सहयोग पर कई बहुमूल्य सुझाव दिए।

दो–दिवसीय संगोष्ठी में चार तकनीकी सत्र हुए। पहला तकनीकी सत्र "कोविड–पश्चात आर्थिक सुधार और बिम्सटेक में विकास की

गति को बहाल करना" पर था, जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। पैनलिस्टों ने चर्चा को सतत विकास, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में निवेश, स्वास्थ्य बीमा प्रणाली को विकसित करने, हरित पुनरूप्राप्ति में निवेश करने और महिला श्रम बल की भागीदारी में सुधार करने पर केंद्रित करते हुए सदस्य देशों के साझा हितों और बिम्सटेक के माध्यम से एक मंच के रूप में उन्हें सामने लाने के लिए सहयोग में तीसरे स्थान (नागरिक समाज और व्यवसाय) को शामिल करने का सुझाव दिया। सत्र में नीली अर्थव्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा, ज्ञान साझाकरण और सर्वोत्तम प्रथाओं के महत्व पर भी चर्चा की गई।

दूसरा तकनीकी सत्र 'क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करना, और कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा की भूमिका' पर था, जिसमें वक्ताओं ने क्षेत्रीय निवेश उदारीकरण, सदस्य राज्यों में एसईजेड को बढ़ावा देने और बीबीआईएम जैसी अधिक कनेक्टिविटी परियोजनाओं का सुझाव दिया। सत्र में, वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे सार्क शिखर सम्मेलन की समाप्ति बिम्सटेक को दक्षिण एशिया में एक सहयोग मंच के रूप में अधिक प्रमुखता से सामने आने का अवसर प्रदान करती है।

तीसरा तकनीकी सत्र 'सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में क्षेत्रीय सहयोग' पर था। इस सत्र में, वक्ताओं ने चर्चा की कि कैसे महामारी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान और सामान्य परिस्थितियों में क्षेत्रीय सहयोग के महत्व को उजागर किया है। साथ ही, निगरानी और सूचना प्रसार, चिकित्सा में आईसीटी के उपयोग, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने, स्वास्थ्य पर लोगों की जेब पर पड़ने वाले खर्च को कम करने, ज्ञान साझा करने और क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा के समन्वेषण के लिए सरकारी स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि को बढ़ावा देने का भी सुझाव दिया गया। सत्र के विशेष संबोधन में भारत के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पार्थ ने साइबर सुरक्षा और संबंधित खतरों पर भी चर्चा की।

चौथा और अंतिम तकनीकी सत्र 'आपदा प्रबंधन, समुद्री सहयोग और तटीय सुरक्षा' पर था। वक्ताओं द्वारा चिह्नित बिंदुओं में पायरेसी, मानव और मादक पदार्थों की तस्करी, प्रदूषण नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, नीली अर्थव्यवस्था, डेटाबेस का विकास, नेटवर्किंग, सूचना साझाकरण और क्षमता निर्माण शामिल थे। समुद्री सहयोग पर विशेष रूप से बल दिया गया क्योंकि इस क्षेत्र की तटरेखा बहुत बड़ी है और बंगाल की खाड़ी सदस्य देशों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है।

संगोष्ठी का समापन राजदूत सुमित नकंदला की अध्यक्षता में एक समापन सत्र के साथ हुआ, जो भारत–लंका अध्ययन (Indo–Lankan Studies), पाथ फाइंडर फाउंडेशन, श्रीलंका के कार्यकारी निदेशक (पूर्व महासचिव, बिम्सटेक) हैं। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में पीपी एंड आर डिवीजन (PP&R Division) में संयुक्त सचिव राजदूत डॉ अनुपम रे ने विशेष टिप्पणी की। भारत में जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुरंजन दास ने एक विशिष्ट वक्ता के रूप में भाग लिया, और RIS, भारत में सहायक प्रोफेसर डॉ प्रियदर्शी दाश ने संगोष्ठी रिपोर्ट पर एक प्रस्तुति दी। ISCS, भारत में कार्यक्रम समन्वयक श्री कृष्णु बक्सी (डत ज्ञतपीदकन ठोप) ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। ■

आसियान–भारत

आसियान–भारत सांस्कृतिक और सभ्यता संबंधी संपर्क पर तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

वियतनाम इंस्टीट्यूट फॉर इंडियन एंड साउथवेस्ट एशियन स्टडीज के सहयोग से आरआईएस में आसियान–भारत केंद्र (एआईसी) ने आसियान–भारत सांस्कृतिक और सभ्यता संबंधी संपर्क पर 7–8 अक्टूबर, 2021 को हनोई और नई दिल्ली में संकर मोड में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

तीसरा संस्करण दो दिवसीय कार्यक्रम था, जिसमें पांच पूर्ण सत्र और सांस्कृतिक सहयोग पर एक विशेष सत्र शामिल था। पांच पूर्ण सत्र थेः (1) समकालीन सांस्कृतिक बातचीत और विविधता, (2) संस्कृति और डिजिटलीकरण, (3) संस्कृति और पर्यटन, (4) शिक्षा और युवा, और (5) साझा विरासत।

